राजस्थान सरकार

# आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

## राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह अगस्त, 2024 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं | **राज्य का माह अगस्त**, 2024 **का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक** 394.46 **(प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह जुलाई**, 2024 **के सूचकांक** 393.81 **की तुलना में** 0.17 **प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक वृद्धि दर अगस्त**, 2024 **में** 1.02 **प्रतिशत (अगस्त**, 2023 **की तुलना) रही हैं | माह अगस्त**, 2024 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 438.25 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.11 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 308.07 **अंक रहा हैं** | राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार हैं -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%**):** माह अगस्त, 2024 में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक गत माह की तुलना में **0.68** प्रतिशत की वृद्धि के साथ **438.25** अंक रहा हैं | प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **0.83** प्रतिशत की वृद्धि का दर्ज होना रहा हैं जबकि खनिज उप समूह सूचकांक में **(-)0.28** प्रतिशत की कमी रही हैं। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **1.60** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **(-) 0.88** प्रतिशत की कमी रही हैं। आलोच्य माह में प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के खाद्य/अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक के अन्तर्गत अनाजों में **1.94** प्रतिशत, दालों में **6.21** प्रतिशत, फलों में **8.61** प्रतिशत, दूध में **0.66** प्रतिशत, मसालों में **1.84** प्रतिशत, रेशा में **0.22** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य पदार्थ में में **0.33** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि सब्जियों में **(-)6.41** प्रतिशत एवं तिलहन (-)1.32 प्रतिशत की कमी रही हैं। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **(-)0.28** प्रतिशत की कमी दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चांदी में **(-)4.63** प्रतिशत एवं ईमारती पत्थर में **(-)0.47** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई जबकि चूना पत्थर में **0.54** प्रतिशत एवं मिट्टी की ईट में **0.51** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वार्षिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर **(अगस्त, 2023** की तुलना **अगस्त, 2024** में**) 2.36** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%**):** इस समूह का सूचकांक माह अगस्त, **2024** के दौरान जुलाई, **2024** के सूचकांक 568.10 अंक से **0.002** प्रतिशत मामूली वृद्धि के साथ **568.11** अंक रहा हैं | इसके अंतर्गत पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी उपसमूह के सूचकांक में **0.02** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई हैं | वार्षिक आधार पर ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह सूचकांक की मुद्रास्फीति दर (अगस्त, **2023** की तुलना अगस्त, **2024** में) **(-)2.03** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%**):** विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक माह अगस्त, **2024** में गत माह जुलाई, **2024** के सूचकांक **308.79** की तुलना में **(-)0.23** प्रतिशत कमी के साथ **308.07** अंक रहा हैं | समीक्षाधीन माह के दौरान केमिकल उप समूह सूचकांक में **(-)2.45** प्रतिशत की कमी का दर्ज होना रहा जबकि खाद्य उत्पाद उप समूह के सूचकांक में **0.02** प्रतिशत, बेवरेज एवं तम्बाकू उत्पाद उप समूह सूचकांक में 0.08 प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पाद उप समूह सूचकांक में **1.64** प्रतिशत, गैर-धातु और खनिज उत्पाद में **0.13** प्रतिशत, बुनियादी कीमती और अलौह धातुएँ उप समूह के सूचकांक में **0.05** प्रतिशत, सामान्य उपयोग मशीनरी उप समूह के सूचकांक में **0.05** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं। वार्षिक आधार पर विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक मुद्रास्फीति की दर (अगस्त, **2023** की तुलना अगस्त, **2024** में) **1.63** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |

**थोक मूल्य सूचकांक अगस्त,** 2024 **आधार वर्ष** (1999-2000=100) **- तालिका**

| क्र.सं. | समूह / उप समूह | समूहवार भारांकन | राजस्थान का थोक भाव सूचकांक | | | प्रतिशत विचलन जुलाई, 2024 में | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अगस्त*, 2024 | जुलाई, 2024 | अगस्त, 2023 | जुलाई, 2024 | अगस्त, 2023 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| I | प्राथमिक वस्तु समूह | 33.894 | 438.25 | 435.29 | 428.16 | 0.68 | 2.36 |
| | (अ) – कृषि वस्तुओं के उप समूह | 29.933 | 431.53 | 427.99 | 422.76 | 0.83 | 2.07 |
| | (ब) – खनिज उप समूह | 3.961 | 489.06 | 490.45 | 468.97 | -0.28 | -4.28 |
| II | ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह | 16.253 | 568.11 | 568.10 | 579.88 | 0.002 | -2.03 |
| III | विनिर्मित उत्पाद समूह | 49.853 | 308.07 | 308.79 | 303.14 | -0.23 | 1.63 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **100.00** | **394.46** | **393.81** | **390.49** | **0.17** | **1.02** |

*प्रावधानिक